सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून02 सितम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में श्री शंकर सिंह बिष्ट ने मुलाकात की। श्री बिष्ट जनपद बागेश्वर के उद्यमी हैं और उनके द्वारा स्वरोजगार के माध्यम से अपने घर पर ही विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। श्री बिष्ट द्वारा 08 से 10 लोगों को रोजगार देने के साथ ही कई गांवों में मास्टर ट्रेनर के रूप में लोगों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। अपने स्वरोजगार के जरिये श्री बिष्ट प्रतिमाह 70—80 हजार रुपये की आमदनी कर रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि श्री बिष्ट की मेहनत और लगन से अन्य उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोतहैं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को अपनाकर जहां आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी वहीं यह पलायन की रोकने में भी सहायक होगा। उत्तराखण्ड के पर्वतीय जिलों में पलायन एक चुनौती के रूप में है इससे पार पाने के लिए स्वरोजगार गेम चेंजर साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि श्री बिष्ट स्वरोजगार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं जो पर्वतीय क्षेत्रों में अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत और मॉडल हैं।

राज्यपाल ने कहा कि बागेश्वर जनपद भ्रमण के दौरान श्री बिष्ट से मुलाकात और उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली तभी से उनके कार्यों से बेहद प्रभावित हुए। इस दौरान श्री शंकर बिष्ट ने अपने उत्पादों को भी राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्पादों की पैकेजिंग व ब्रांडिंग पर थोड़ा ध्यान दिये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा की स्वरोजगार को आगे बढ़ाने की दिशा में श्री बिष्ट की हर संभव मदद की जाएगी।

..........0..........